| |
|---|
| दिनांक 08.08.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 420/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना हरीपर्वत

- **25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 07.08.2026 को थाना हरीपर्वत व साइबर सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित 02 अभियुक्तों 1–सुरेन्द्र देव 2–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना हरीपर्वत पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु कमिश्नरेट स्तर पर 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना हरीपर्वत पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुरेन्द्र देव निवासी नहेरूनगर थाना हरीपर्वत, आगरा हालपता–शास्त्रीपुरम् थाना सिकन्दरा, आगरा।

2–अभियुक्ता।

## जनपद मऊ/थाना रानीपुर

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 08.08.2026 को थाना रानीपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रेलवे क्रासिंग खुरहट से पुरस्कार घोषित अभियुक्त भीमार्जुन उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना रानीपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रानीपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—भीमार्जुन उर्फ गोलू निवासी शेखामतपुर थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ।

## <u>जनपद अमरोहा/थाना हसनपुर</u>

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **चोरी के 47 हजार 90 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 08.08.2026 को थाना हसनपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 03 अभियुक्तों 1—कासिम 2—अमन 3—अयान को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 47 हजार 90 रूपये नगद बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 31.07.2026 को थाना हसनपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना हसनपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण का प्रयास किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित हैं।

इस सम्बन्ध में थाना हसनपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—कासिम निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद।

2—अमन निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद।

3—अयान निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा व थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद।

**<u>बरामदगी</u>**

1—चोरी के 47 हजार 90 रूपये नगद।

## जनपद सीतापुर/थाना कोतवाली नगर

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्त गिरफतार**
- **09 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर**
- **05 जीवित, 05 खोखा कारतूस विभिन्न बोर**
- **01 मोटर साइकिल(कूट रचित नम्बर प्लेट)**
- **01 मोबाइल फोन**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 08.08.2026 को थाना कोतवाली नगर व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे 02 अभियुक्तों 1–इमरान उर्फ कालिया 2–निसार को गिरफतार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 09 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर, 05 जीवित, 05 खोखा कारतूस विभिन्न बोर, 01 मोटर साइकिल(कूट रचित नम्बर प्लेट), 01 मोबाइल फोन, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसमें अभियुक्त इमरान उर्फ कालिया के विरूद्ध जनपद सीतापुर, बहराइच, सिद्धार्थनगर, गोण्डा, खीरी के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट आदि के 19 अभियोग व अभियुक्त निसार के विरूद्ध जनपद सीतापुर, बहराइच के विभिन्न थानों पर चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–इमरान उर्फ कालिया निवासी डयोढ़ी डीह थाना तम्बौर जनपद सीतापुर।

2–निसार निवासी डयोढ़ी डीह थाना तम्बौर जनपद सीतापुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1—09 निर्मित/अर्द्धनिर्मित अवैध शस्त्र विभिन्न बोर।

2—05 जीवित, 05 खोखा कारतूस विभिन्न बोर।

3—01 मोटर साइकिल(कूट रचित नम्बर प्लेट)।

4—01 मोबाइल फोन।

5—अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

————————